# University in News on 02 March 2023

## JAGRAN CITY PAGE III

### लवि : प्रो. डीके सिंह बने लेफ्टिनेंट कमांडर

लखनऊ : लवि के थ्री यूपी नेवल एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट (प्रो.) डीके सिंह अब लेफ्टिनेंट कमांडर बन गए हैं। गत छह से 25 फरवरी तक आफिसर ट्रेनिंग एकेडमी, कैंपटी, नागपुर में आयोजित तीन सप्ताह का एनसीसी रिफ्रेशर कोर्स सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद उन्हें यह पद दिया गया। वह वर्ष 2011 में उत्तर प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ एनसीसी अधिकारी थे। वर्तमान में लवि के समाज कार्य विभाग में प्रोफेसर हैं। (जासं)

### पीएचडी प्रवेश परीक्षा के एडमिट कार्ड जारी

लखनऊ : लवि ने पांच व छह मार्च को होने वाली सत्र 2022-23 की पीएचडी प्रवेश परीक्षा के प्रवेश पत्र बुधवार को जारी कर दिए। अभ्यर्थी एडमिशन पेज पर जाकर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश समन्वयक प्रोफेसर पंकज माथुर ने बताया कि प्रवेश परीक्षाओं के लिए पुराने व द्वितीय परिसर में दोनों पालियों में केंद्र बनाए गए हैं। (जासं)

### लवि में नेशनल ला फेस्ट सात अप्रैल से

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय की अल्टरनेटिव डिस्प्यूट रिजाल्यूशन एंड लिटरेरी सोसायटी की ओर से नेशनल ला फेस्ट-2023 का आयोजन सात, आठ और नौ अप्रैल को होगा।

बुधवार को फेस्ट के पोस्टर का अनावरण विधि संकाय के अधिष्ठाता एवं द्वितीय परिषद के निदेशक प्रो. डा. बंशीधर सिंह, अल्टरनेटिव डिस्प्यूट रेजोल्यूशन एंड लिटरेरी सोसायटी के निदेशक प्रो. डा. हरीश चंद्र राम व स्टूडेंट डीन इंद्र दमन तिवारी ने किया। इस अवसर पर सोसायटी के अध्यक्ष तुषार पांडे, कन्वीनर स्वराज शुक्ला एवं सोसायटी के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### समाजशास्त्र में अब प्रदेश और लखनऊ का अध्ययन

#### नई शिक्षा नीति के तहत लविवि के समाजशास्त्र विभाग के पाठ्यक्रम में बदलाव शुरू

सचिन त्रिपाठी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय (लविवि) का समाजशास्त्र विभाग अब सिर्फ भारतीय समाज की बात नहीं करेगा। लखनऊ, अवध व यूपी का समाज भी उसके पाठ्यक्रम का हिस्सा होगा। विवि के समाजशास्त्र विभाग ने इस दिशा में कदम बढ़ा दिया है।

अभी तक समाजशास्त्र में विभिन्न अवधारणाओं के साथ ही भारतीय समाज और उसमें होने वाले बदलाव का ही अध्ययन किया जाता था। पर नई शिक्षा नीति में क्षेत्रीय विशिष्टताओं को भी सिलेबस का हिस्सा बनाया जाना है।

लविवि देश में पहला विवि है जिसने अपने यहां नई शिक्षा नीति लागू की है। इसमें स्नातक पाठ्यक्रम चार वर्ष का है। लविवि ने यह भी अपने यहां लागू कर दिया था, लेकिन कई बिंदुओं को अभी इसमें शामिल किया जाना बाकी था। ऐसे में विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने नई शिक्षा नीति के तहत चार वर्षीय पाठ्यक्रम को पूरी तरह से नई शिक्षा नीति के हिसाब से करने का निर्देश दिया है। इसके तहत विभागों ने अपने पाठ्यक्रम में बदलाव की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

**समाजशास्त्र क्षेत्रीय विषय**



समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. डीआर साहू के अनुसार भारत विविधताओं से भरा हुआ देश है। हर प्रदेश अपने आप में अलग संस्कृति रखता है। यूपी भी विभिन्न क्षेत्रों के हिसाब से तमाम संस्कृतियां समेटे हुए है। अभी तक समाजशास्त्र में सिर्फ भारतीय समाज की बात होती है। जबकि यह क्षेत्रीय विषय है। क्षेत्र के हिसाब से समाज में परिवर्तन होते हैं। नई शिक्षा नीति में यही बात कही गई है। इसी के तहत अब चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम में बदलाव किया जा रहा है।

**तैयार होगा 10 साल का विजन डॉक्यूमेंट :** नई शिक्षा नीति के तहत लविवि अपना विजन डॉक्यूमेंट तैयार करेगा। इसके लिए विवि ने विशेष समिति का गठन किया है। इसमें विवि को यह बताना होगा कि अगले दस साल में वह शैक्षणिक स्तर को कहां पर दिखेगा। इस संबंध में राजभवन से निर्देश मिले हैं। छह मार्च तक विवि को अपनी रिपोर्ट भेजनी है।

विवि में चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम अपडेट करने के लिए समिति का गठन किया गया है। समिति नई शिक्षा नीति के तहत पाठ्यक्रम में बदलाव करेगी। -डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव, प्रवक्ता लविवि

### लविवि : जारी किए पीएचडी प्रवेश परीक्षा के एडमिट कार्ड

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लविवि में पीएचडी प्रवेश परीक्षा के प्रवेश पत्र बुधवार को जारी कर दिए गए। विवि की पीएचडी प्रवेश परीक्षा पांच और छह मार्च को होगी।

लखनऊ विश्वविद्यालय में 39 विषयों में पीएचडी की रेग्युलर की 1231 और पार्ट टाइम की 50 सीट पर पीएचडी दाखिले होने हैं। प्रवेश परीक्षा के लिए 6,672 आवेदन आए हैं। प्रवेश परीक्षा विवि के नए और पुराने परिसर में दो पालियों में संपन्न संपन्न होगी। पहली पाली सुबह 10.30 और दूसरी दोपहर 2 बजे से शुरू होगी।

■ ***परीक्षा केंद्रों की सूची जारी होने के एक माह बाद भी कार्यक्रम जारी नहीं :*** लविवि में बीएड पाठ्यक्रम की परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्रों की सूची एक माह पहले जारी कर दी गई थी। लेकिन परीक्षा कार्यक्रम अब तक जारी नहीं हो सका है।

छात्रों का कहना है कि उनका कोर्स भी पूरा हो चुका है। लेकिन परीक्षा का अभी तक कोई अता-पता नहीं है। वहीं परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी का कहना कि कुछ कारणों से परीक्षा कार्यक्रम जारी होने में देरी हुई है। जल्द ही परीक्षा कार्यक्रम जारी किया जाएगा।

■ ***लॉ फेस्ट के पोस्टर का अनावरण :*** लविवि में 7 से 9 अप्रैल के बीच होने वाले नेशनल लॉ फेस्ट के पोस्टर का बुधवार को अनावरण किया गया। विवि के विधि संकाय के अल्टरनेटिव डिस्प्यूट रिल्यूजन एंड लिटरेरी सोसाइटी की ओर आयोजित फेस्ट में लोगों को विधिक मामलों से जुड़ी हुई तमाम जानकारियां दी जाएंगी। विधि संकाय के अधिष्ठाता प्रो. डॉ बंशीधर, लिटरेरी सोसाइटी के निदेशक डॉ हरीश चंद्र राम व इंद्र दमन तिवारी समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

■ ***प्रो. डीके सिंह ने पूरा किया एनसीसी रिफ्रेसर कोर्स :*** लविवि के एनसीसी अधिकारी प्रो. डीके सिंह ने एनसीसी रिफ्रेसर कोर्स को सफलता पूर्वक पूरा कर लिया है। तीन सप्ताह का ये कोर्स नागपुर स्थित ऑफिसर ट्रेनिंग एकेडमी में पूरा हुआ। ट्रेनिंग पूरी होने के बाद प्रो. डीके सिंह अब लेफ्टिनेंट कमांडर पद पर हो गए हैं। कुलपति प्रो. आलोक कुमार ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

■ ***नकल करते पकड़े गए 11 छात्र :*** लविवि में चल रही स्नातक परीक्षाओं में बुधवार को उड़ाका दल ने सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए 11 नकलचियों पकड़ा। उनके पास से नकल सामग्री बरामद हुई। इन सभी के खिलाफ विवि नियमावली के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

### लेफ्टिनेंट कमांडर बने प्रो. डीके सिंह



लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट (प्रो.) डी. के. सिंह ने 'ऑफिसर ट्रेनिंग एकेडमी' में आयोजित तीन सप्ताह का एनसीसी रिफ्रेशर कोर्स पूरा किया है। उनका यह कोर्स कामठी, नागपुर, महाराष्ट्र में छह से25 फरवरी 2023 तक चला। उपरोक्त कोर्स के पूरा होने के बाद प्रो. डी. के. सिंह अब लेफ्टिनेंट कमांडर के पद पर हो गए हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने उन्हें इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

### तीन दिवसीय ला फेस्ट के पोस्टर का अनावरण

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय की 'अल्टरनेटिव डिस्प्यूट रिजाल्यूशन एंड लिटरेरी सोसायटी' के द्वारा नेशनल लॉ फेस्ट-2023 का आयोजन किए जाने की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। इसी क्रम में इस फेस्ट के पोस्टर का अनावरण विधि संकाय के अधिष्ठाता एवं द्वितीय परिषद के निदेशक प्रो. (डा.) वंशीधर सिंह, अल्टरनेटिव डिस्प्यूट रेजोल्यूशन एंड लिटरेरी सोसायटी के स्टूडेंट डीन इन्द्र दमन तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर सोसायटी के प्रेसिडेंट तुषार पांडे एवं कन्वीनर स्वराज शुक्ला एवं सोसायटी के अन्य सदस्य एवं प्रोफेसर उपस्थित रहे।

## AMRIT VICHAR PAGE 4

### लखनऊ विश्वविद्यालय में नेशनल लॉ फेस्ट की तैयारियां हुई तेज



अमृत विचार, लखनऊ : विश्वविद्यालय के विधि संकाय की 'अल्टरनेटिव डिस्प्यूट रिजाल्यूशन एंड लिटरेरी सोसाइटी' के द्वारा नेशनल लॉ फेस्ट-2023 का आयोजन किए जाने की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।

इसी क्रम में इस फेस्ट के पोस्टर का अनावरण विधि संकाय के अधिष्ठाता एवं द्वितीय परिषद के निदेशक प्रो. डॉ. बंशीधर सिंह, अल्टरनेटिव डिस्प्यूट रेजोल्यूशन एंड लिटरेरी सोसाइटी के निदेशक प्रो. डॉ. हरीश चंद्र राम व स्टूडेंट डीन इन्द्र दमन तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर सोसाइटी के प्रेसिडेंट तुषार पांडे व कन्वीनर स्वराज शुक्ला और सोसाइटी के अन्य सदस्य एवं प्रोफेसर उपस्थित रहे।

### एनसीसी रिफ्रेशर कोर्स पूरा किया

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट (प्रो.) डीके सिंह ने "ऑफिसर ट्रेनिंग एकेडमी" में आयोजित 3 सप्ताह का एनसीसी रिफ्रेशर कोर्स सफलतापूर्वक पूरा किया है।